JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2023/01/388–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक:** 20.01.2023

जयपुर मेट्रो व डीएमआरसी के बीच फेज 1 सी व 1डी के निर्माण कार्य हेतु हुआ समझौता ज्ञापन (MOU)।

जयपुर 20 जनवरी। आज दिनांक 20 जनवरी 2023 को जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) के मध्य एक समझौता ज्ञापन (MOU) साईन किया गया। जिसमे बजट घोषणा की क्रियान्विति के लिए आगामी फेज 1C (बड़ी चौपड़ से टांसपोर्ट नगर) व फेज 1D (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास, अजमेर रोड़) मेट्रो के निर्माण कार्यों हेतु डीएमआरसी को जनरल कंसलटेंट नियुक्त किया गया है। दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी) जयपुर मेट्रो की परियोजना को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध रूप से पूरा करने हेतु अपनी दक्षतापूर्ण परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा। डीएमआरसी की आज हुई इस नियुक्ति से मेट्रो परियोजना के कार्यों को गति मिली है तथा इससे लगभग 4 से 5 माह के समय की बचत हुई है।

जयपुर मेट्रो की ओर से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयपुर मेट्रो श्री पी.रमेश एवं डीएमआरसी की ओर से निदेशक (व्यवसाय विकास) श्री प्रमित गर्ग ने समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किये। इस दौरान जयपुर मेट्रो के निदेशक कम्पनी मामलात् श्री महेश भुराड़िया, निदेशक परियोजना श्री अखिलेश कुमार सक्सेना, निदेशक परिचालन व प्रणाली श्री विवेक कुमार, निदेशक वित्त श्री हरीश लड्ढा एवं दिल्ली मेट्रो के वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री संदीप गेमावत, परियोजना निदेशक (नोयडा) श्री देवेन्द्र परमार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो